फर्द अहकाम

(नियम 26)

2025 | 253

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री दिलीप कुमार मेघवाल निवासी सिंथरथ तहसील सिरोही जिला सिरोही।		सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही

किस्म मुकदमा— अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005 मुकदमा नं. 47 वर्ष 2025

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख ... इस हुक्म का तामिल म जारी हुआ
03.09.2025	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई। अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही को दिनांक 11.07.2025 को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि दिनांक 07.07.2025 को ग्राम पंचायत सिंथरथ में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा अन्तर्गत आयोजित कैम्प में ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार सिरोही को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिसका इन्द्राज रजिस्टर में किया जाकर सम्बन्धित अधिकारियों व विभाग को अग्रेषित किए गए। उक्त रजिस्टर में दर्ज प्रविष्ठियों की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10/– जमा करा दिए है। अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही को दिनांक 11.07.2025 को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि दिनांक 07.07.2025 को ग्राम पंचायत सिंथरथ में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा अन्तर्गत आयोजित कैम्प में ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार सिरोही को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिसका इन्द्राज रजिस्टर में किया जाकर सम्बन्धित अधिकारियों व विभाग को अग्रेषित किए गए। उक्त रजिस्टर में दर्ज प्रविष्ठियों की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलांट द्वारा मांगी गई उपरोक्त सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें। यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें। निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (अल्पा चौधरी) जिला कलक्टर, सिरोही	